वीरमाधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University

(Formerly Uttarakhand Technical University Established by Act no. 415/2005 by Uttarakhand Government)

Chakrata Road, P.O. Chandanwadi, Premnagar, Suddhowala, Dehradun, Uttarakhand(India)

Tel.No.0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in

Ref.No. 4578 /Exam/VMSBUTU/2024 Date. 14/03/2024

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध व परिसर संस्थान,
बी0मा0सिं0भ0उ0त0वि0वि0,देहरादून।

विषयः–सम–सेमेस्टर परीक्षा– 2023-2024 हेतु नियमित (Regular) तथा पाठ्यक्रम पूर्ण कर चुके छात्रों को कैरी ओवर परीक्षाओं के परीक्षा फार्म भरवाये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्रांक–4246/EXAM/VMSBUTU/2024 दिनॉक–17/02/2024 एवं पत्रांक–4529 /EXAM /VMSBUTU /2024 दिनॉक–11/03/2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसमें विभिन्न तकनीकी एवं विधि पाठ्यक्रमों के सम–सेमेस्टर परीक्षा फार्म दिनॉक–20/02/2024 से दिनॉक–11/03/2024 एवं दिनॉक–12/03/2024 से दिनॉक–14/03/2024 तक विश्वविद्यालय के यू0एम0एस0 पोर्टल पर भरवाये जाने हेतु अनुमति दी गयी थी।

अत्यन्त खेद का विषय है कि अभी भी कतिपय् संस्थानों द्वारा परीक्षा फार्म नही भरवाये गये हैं। विश्वविद्यालय द्वारा संस्थानों के अनुरोध एवं छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुये अन्तिम अवसर प्रदान करते हुये उक्त परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय के यू0एम0एस0 पोर्टल पर दिनॉक–15/03/2024 से दिनॉक–18/03/2024 तक प्रत्येक दशा में भरवाये जाने एवं दिनॉक–21/03/2024 तक परीक्षा शुल्क जमा किये जाने की अनुमति प्रदान की जाती है। साथ ही यह भी अवगत कराना है कि पी0सी0आई0/विश्वविद्यालय आर्डिनेन्स के अनुसार सत्र 2022-23 में पंजीकृत (वर्तमान में द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत्) छात्रों के बी0फार्म0 पाठ्यक्रम के IIIrd, & Ist Semester के बैक पेपर) तथा बी0फार्म0 पाठ्यक्रम के सत्र 2023-24 में पंजीकृत (वर्तमान में प्रथम वर्ष में अध्ययनरत्) छात्रों के Ist Semester की बैक पेपर का Re-examination सम–सेमेस्टर 2023-24 के साथ करायी जाने के दृष्टिगत् उनके परीक्षा फार्म भी उक्त तिथि 18/03/2024 तक भरवाना सुनिश्चित करें।

(डॉ0वी0के0पटेल)
परीक्षा नियंत्रक।

<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–</u>

1. निजी सचिव, कुलपति वी0मा0सिं0भ0,प्रौ0वि0वि0 को मा0 कुलपति महोदय के सादर संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. कुलसचिव, वी0मा0सिं0भ0,प्रौ0वि0वि0देहरादून।
3. वित्त नियंत्रक, वी0मा0सिं0भ0,प्रौ0वि0वि0देहरादून।
4. वेब मास्टर वी0मा0सिं0भ0,प्रौ0वि0वि0देहरादून को इस निर्देश के साथ ही संबंधित पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट में अपलोड हेतु।
5. नोडल आफिसर, यू0एम0एस0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. गार्ड फाइल।

(डॉ0वी0के0पटेल)
परीक्षा नियंत्रक।